
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

25 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

**मानवीय ज्ञान सभी की अपनी संपत्ति है।**

दीनदयाल उपाध्याय

( महान विचारक )

जन्म : 25 सितंबर 1916



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया

# मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत 25 सितंबर




"मेक इन इंडिया" भारत सरकार द्वारा 25 सितंबर 2014 को देसी और विदेशी कंपनियों द्वारा भारत में ही वस्तुओं के निर्माण पर बल देने के लिए एक कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विकास की रफ्तार बढ़ाने, औद्योगिकरण और उद्यमिता को बढ़ाना देना और रोजगार सृजन करना है। भारत का निर्यात उसके आयात से कम होता है, बस इसी ट्रेन को बदलने के लिए सरकार ने वस्तुओं और सेवाओं को देश में ही बनाने के मुहिम को शुरू करने के लिए मेक इन इंडिया यानी "भारत में बनाओ" नीति का प्रारंभ किया। इसके माध्यम से सरकार भारत में अधिक पूंजी और तकनीकी निवेश पाना चाहती है। इस परियोजना के शुरू होने के बाद सरकार ने कई क्षेत्रों में लगे एफडी (फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट) की सीमा को बढ़ा दिया है, लेकिन सामरिक महत्व के क्षेत्र जैसे अंतरिक्ष में 74% रक्षा 49% और न्यूज़ मीडिया 26% को अभी भी पूरी तरह से विदेशी निवेश के लिए नहीं खोला है। वर्तमान में चाय बागान में एफडीआई के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। भारत में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और देश की इकोनॉमी के संवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

# जयंती विशेष 25 सितंबर




**दीनदयाल उपाध्याय** *Deendayal Upadhyaya,* जन्म: 25 सितंबर, 1916, मथुरा, उत्तर प्रदेश; मृत्यु: 11 फ़रवरी 1968) भारतीय जनसंघ के नेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया।

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
Class-6to8

41

## ब्याज (Interest)

- मूलधन (principal)- वह धन जो किसी व्यक्ति को उधार के रूप में दिया जाता है मूलधन कहलाता है।
- समय(Time)- जितने वर्ष या महीने के लिए धन उधार दिया जाता है वह ब्याज का समय कहलाता है
- साधारण ब्याज (simple interest)-जब ब्याज केवल मूलधन पर एक निश्चित समय के लिए एक ही दर पर लगाया जाता है उसे साधारण ब्याज कहते हैं

Anu Priya, Science Teacher

TOB

# खेल कॉर्नर



## हर टेस्ट पारी में औसतन सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले भारतीय




*(आंकड़े उपलब्ध डेटा के अनुसार दिए गए हैं।)*

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.09.2025

## भाषा अधिग्रहण

भाषा अधिग्रहण वह प्राकृतिक और सहज प्रक्रिया है जिसमें कोई भी व्यक्ति, विशेषकर बच्चे, अपने आस-पास के वातावरण से भाषा को स्वाभाविक रूप से ग्रहण करते हैं, बिना औपचारिक शिक्षा या प्रयास के इसे सीखते हैं। इस प्रक्रिया में भाषा के ध्वन्यात्मक, व्याकरणिक और शाब्दिक घटकों को समझना और उनका प्रभावी ढंग से उपयोग करना शामिल है, जिससे व्यक्ति प्रभावी ढंग से संवाद कर पाता है।

 राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मैसूर के रहने वाले एक **बस कंडक्टर** ने अपना घर बेचकर **एशिया** की सबसे बड़ी लाइब्रेरी तैयार की है। इस लाइब्रेरी में लगभग **दो करोड़ किताबें** हैं, जिसे बिल्कुल **मुफ्त** आकर पढ़ा जा सकता है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### कीवी



मैं फाइबर, पोटेशियम, ओमेगा 3, एवं फैटी एसिड से भरपूर हूं। मुझमें vit.C,E,K, पोटैशियम ,मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक और आयरन भी पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

भर गया है जहर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते है लोग लोगों को
सही परिचय न पाकर,
बुझ गयी है लौ पृथा की
जल उठो फिर सींचने को।

**सूर्यकांत त्रिपाठी निराला**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya

Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM


# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Scene  दृश्य

Seen  देखा


www.teachersofbihar.org.in Anupriya


"ताऊ देवी लाल" के नाम से भी प्रसिद्ध, भारत के पूर्व
उप-प्रधानमंत्री
चौधरी देवीलाल
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
25 सितंबर 1915 - 6 अप्रैल 2001
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar

एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।



25 सितंबर 1916 - 11 फरवरी 1968

www.teachersofbihar.org

Madhu priya